तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 सरकार ने आमजनों से जो वादा किया उसे पूरा करने के लिए कटिबद्धः साव



## खबर संक्षेप

### मुख्यालय में हुई एसईसीएल संचालन समिति की बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में शनिवार को एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित बिलासपुर भवन में एसईसीएल संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। श्रम संगठनों द्वारा 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय आम हड़ताल के संबंध में इस बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना, परियोजना) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि नाथूलाल पांडेय (एचएमएस), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (एसईकेएमसी), वीएम मनोहर (सीटू) एवं अनिल कुमार पांडेय (सीएमओएआई), मुख्यालय के संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से 9 जुलाई को देश के विभिन्न श्रम संगठनों द्वारा बुलाई गई। आम हड़ताल में भाग ना लेने एवं कोयला उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में एक प्रस्तुति के माध्यम से कंपनी की उत्पादन एवं उत्पादकता के बारे में जानकारी दी गई।

### डीपीएस बालको में एनसीसी नामांकन की प्रक्रिया

**कोरबा।** एनसीसी 1 सीजी बटालियन कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस के निर्देशानुसार शनिवार को सुबेदार जनरैल सिंह, हवलदार महेल पाटिल एवं हवलदार मो. वारिस द्वारा आगामी सत्र 2025-26 के लिए एनसीसी कैडेटस का नामांकन प्रक्रिया कराई गई। इस दौरान एक दिन के इस कैंप में जूनियर डिविजन के 25 (जेडी) एवं जूनियर विंग के 26 (जेडब्ल्यू) कैडेटस का चयन किया गया। इस प्रक्रिया के बाद अब डीपीएस बालको में एनसीसी 1 सीजी बटॉलियन कोरबा के तहत पंजीकृत कैडेटस की संख्या कुल 100 हो गई है। इनमें 50 छात्र कैडेट (50 जेडी) एवं 50 छात्रा कैडेट (50 जेडब्ल्यू) शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश पंवार ने नए कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मानव सेवा मिशन ने छत ढकने के लिए वितरित किए प्लास्टिक

**कोरबा।** बालको में कार्य करने वाले युवाओं की समाज सेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने देवपहरी रोड पर निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों को छत ढकने के लिए प्लास्टिक का वितरण किया। कोरवा जनजाति के लोगों द्वारा जो घर बनाएं जाते हैं उन घरों के छत अक्सर घास फूस के बने होते हैं जो बारिश में पूरी तरह भीग जाते हैं। ऐसे अनुभवों को ध्यान में रखकर मानव सेवा मिशन के द्वारा लगभग हर वर्ष बारिश के पूर्व इन ग्रामों में प्लास्टिक का वितरण किया जाता है। इस बार पहाड़ी कोरवा ग्राम छातीबहार और सरई टिकरा के सभी परिवारों को प्लास्टिक प्रदान किया गया। बालको के द्वारा हर मौसम के अनुसार जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंचाई जाती है।

# कोल इंडिया की नई नीति,जमीन अधिग्रहण के बदले मिलेगा 1 करोड़ 20 लाख का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पहले दो एकड़ जमीन पर एक नौकरी देने का प्रावधान था। अब नौकरी नहीं लेने पर जमीन देने वालों को उस इलाके की जमीन की सरकारी मूल्य के आधार पर राशि मिलेगी। इसके अलावा, प्रत्येक एकड़ पांच लाख के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। नई नीति में नौकरी नहीं लेने वालों को दो एकड़ जमीन पर न्यूनतम 89 लाख और अधिकतम 1.20 करोड़ रुपये भुगतान का नियम लागू किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई ईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रति ग्रामीणों को आकर्षित करने के लिए अपनी नीति में बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव किया है। इस योजना के लागू हो जाने के बाद जमीन देने वालों को अधिक आर्थिक मजबूती मिल सकती है। ईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बदले मुआवजा के निए नियम के सफल होने से इसे अन्य अनुषंगी कंपनियों में भी लागू किया जा सकता है। न्यूनतम और अधिकतम राशि उस इलाके की जमीन की कीमत पर तय होगी। इसके अलावा, दूसरी नीति के तहत जमीन देने वाला यदि एक मुश्त जमीन का पैसा नहीं लेता है और नौकरी भी नहीं लेता है, तो उसे प्रति एकड़ 5 लाख रुपये के साथ पेंशन की राशि को बढ़ाकर 44 हजार कर दिया गया है और यह अब 30 वर्ष नहीं, बल्कि 45 साल तक मिलेगी। इसमें हर साल एक प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। इतना ही नहीं, इस कालखंड में अगर जमीन देने वालों की मौत हो जाती है, तो उसके आश्रित को यह पेंशन उतने दिनों तक मिलती रहेगी। कोल इंडिया बोर्ड की बैठक में इसकी मंजूरी मिल गई है। यह नई नीति जमीन देने वालों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगी और उनके जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

### कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी ईसीएल ने प्रभावितों को आकर्षित करने बदली नीति

**खास बातें**

- अन्य अनुषंगी कंपनियों में भी जमीन अधिग्रहण के बदले नई नीति हो सकती है लागू



## रविवार की सुबह से देर शाम तक जारी रहा बारिश का सिलसिला

# लगातार बारिश से निचली बस्तियों में भरा पानी, जनजीवन प्रभावित

### निचली बस्तियों के कई मकानों में घुसा पानी, लोग रहे दिन भर परेशान



कुसमुंडा लक्ष्मणनाला बाईपास मार्ग हुआ जलमग्न, फंसा वाहन।



दर्री स्थित फर्टिजर बस्ती में घुसा बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले तीन दिनों से जिले में लगातार हो रही बारिश ने जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। रविवार की अलसुबह एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और लगातार तेज बारिश होने लगी। लगातार बारिश होने की वजह से निचली बस्तियों में पानी भर गया और बस्तियों का पानी सीधे घरों में जा घुसा। जिससे स्थानीय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले तीन दिनों से कुछ हालात निचली बस्तियों में ऐसी ही बनी हुई है। लगातार बारिश की वजह से हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। नदी नाले पूरी तरह से उफान पर हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से लगातार जिले व आसपास के पड़ोसी जिलों में बारिश का सिलसिला जो शुरू हुआ है थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की सुबह लगभग 6 बजे से फिर मौसम ने जो करवट बदली है लगातार बारिश जारी है और बारिश इतनी तेज थी कि नदी नाले फिर से उफान पर आ गए और निचली बस्तियों में पानी भरने का सिलसिला शुरू हो गया। बस्ती में पानी भरता देख लोगों ने निकासी के लिए लगातार प्रयास भी किया लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली। जिसके चलते शहर के निचली बस्तियों में घरों के भीतर पानी घुस गया है। बारिश सुबह से देर शाम तक जारी रहा जिसकी वजह से हालात बहुत ही बदतर होती चली गई। खासतौर पर आम लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा सड़कों पर भी पानी भरी रही।

**खास बात**

- जिले में हो रही मूसलाधार बारिश ने बरपाया कहर, निचली बस्तियों के घरों में घुसा पानी

### लक्ष्मणनाला बाईपास मार्ग हुआ जलमग्न

बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कुसमुंडा में तेज बारिश के चलते बायपास रोड लक्ष्मण नाला में पानी पुल से 4 फीट भर गया है। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। तेज बहाव के चलते कुचेना पुल पूरी तरह से टूट गया है एक स्कॉर्पियो फंस गई थी। पहली ही बारिश में हालात इतने भयावह हैं, तो आने वाले दिनों में स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है। शहर की सड़कों का हाल ऐसा है, मानो वे तालाब में तब्दील हो गई हों। बारिश का पानी न केवल सड़कों पर इमली छापर बस्ती में भी जमा हुआ, पानी दुकानों और घरों में भी घुस गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### दर्री बराज के फिर खोले गए तीन गेट



पिछले तीन दिनों से बारिश की वजह से हसदेव दर्री बराज के गेट लगातार खोलने पड़ रहे हैं। एक बार फिर से रविवार की सुबह से झमाझम बारिश होने की वजह से तान नदी का पानी हसदेव नदी में आना शुरू हुआ जिसके चलते नदी नाले भी उफान में आ गए और सारे नदी नालियों का पानी हसदेव दर्री बराज में आना शुरू हुआ। जिसके बाद वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ना शुरू हो गया। वाटर लेवल को मेंटेन करने के लिए हसदेव दर्री बराज के तीन गेट खोले गए। जिसमें गेट नंबर 4 को 4 फीट, गेट नंबर 7 को 2 फ्रीट, गेट नंबर 12 को 5 फीट खोला गया है। जिसमें से कुल 1585 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। हालांकि पहले ही जल संसाधन विभाग ने निचली बस्तियों में अलर्ट जारी कर दिया था। जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक हसदेव दर्री बराज के दाएं और बाएं तट नहर में भी लगभग 300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि इसके बाद भी वाटर लेवल मेंटेन नहीं होता है तो गेट की हाइट बढ़ाई जा सकती है या फिर कुछ और अन्य गेट भी खोले जा सकते हैं।

### कई बस्तियों में रात भर जागने को लोग मजबूर



नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 13 न्यू अमरैयापारा और चिमनीभठा बस्ती का जहां पिछले तीन दिनों से बस्ती और घरों में नाली का गंदा पानी घुस रहा है जिसे लेकर लोग बहुत परेशान है लोगों ने बताया कि तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात भर जग-जग कर पानी को घर से बाहर फेंकना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वार्ड नम्बर 29 मुड़ापार में भी जल भराव की स्थिति निर्मित है मुड़ापार बस्ती, शान्ती नगर के अलावा रामनगर बस्ती के आसपास के घरों में नल का गंदा पानी घरों में घुस रहा है। वार्ड नंबर 9 सीतामढ़ी इलाके में नाला किनारे घरों में और बस्ती में जल भराव की स्थिति निर्मित है।

# स्टॉप डेप टूटा, 20 साल पुरानी पुलिया बही



बारिश से बही पुलिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेरांव के बांसाझर्रा में स्टॉप डेम की टूटने की वजह से 20 साल पुराना पुलिया बह गया, जिससे यातायात बाधित हो गया है। लगातार हो रही बारिश से बड़मार क्षेत्र से कोई गांव को जोड़ने वाली सड़क दो हिस्सों में कट गई है, इससे कई गांवों का संपर्क टूट गया और मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी।

कार्यपालन अभियंता संतोष नाग के मुताबिक, यह पुलिया 20 साल पुरानी थी, बारिश रुकने के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। जिले में औसत बारिश 260.01 मिलीमीटर दर्ज की गई है। यह 10 साल के औसत 242.4 मिलीमीटर से 7.3 प्रतिशत अधिक है। जिले में 126 मिलीमीटर, बरपाली में 58.5, पाली में 30.02, कटघोरा में 35.5 और पसान में 89.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। हसदेव बांगो बांध में जलस्तर बढ़कर 346 मीटर तक पहुंच गया है। बांध की अधिकतम क्षमता 359.66 मीटर है। वर्तमान में बांध का जलभराव 35 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 91.88 मिलियन घन मीटर पानी की आवक हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, यह स्टॉपडैम पूर्व विधायक ननकी राम कंवर के प्रयासों से बनाया गया था। यह गांव की खेती और दैनिक जरूरतों का महत्वपूर्ण स्रोत था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से डैम के पुनर्निर्माण की मांग की है।

**खास बात**

- दो हिस्सों में कटी सड़क, आवागमन हुआ बाधित

### प्रगतिनगर में भारी बारिश से हुआ जल भराव, कॉलोनियों में घुसा पानी



क्षेत्र में हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण प्रगतिनगर स्थित तालाब और नालियां पानी से लबालब हो गई। जिससे पूरे क्षेत्र में जल जमाव और जाम की स्थिति हो गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कुछ आवासों में पानी भी घुस गया है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए पार्षद अरुणेश तिवारी और अन्य श्रमिक जनप्रतिनिधियों की पहल पर एसईसीएल प्रबंधन ने त्वरित राहत के रूप में जलभराव से प्रभावित लोगों के लिए स्नेह मिलन भवन में रहने और भोजन की व्यवस्था की है। दीपका प्रबंधन की ओर से कॉलोनी के प्रभावितों को अपने परिवार के साथ स्नेह मिलन भवन पहुंचकर राहत सुविधा का लाभ लेंने कहा गया है। वहां उन्हें निःशुल्क भोजन और सुरक्षित आश्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## कॉलोनी व बस्तियों में हो रहा मटमैले पानी की आपूर्ति

# बारिश ने बिगाड़े हालात, नलों में आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बरसात शुरू क्या हुई, कोरबा क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर भी परेशानियां खड़ी हो गई। सामान्य तौर पर लोगों की यही शिकायत है कि सरकारी व्यवस्था से होने वाली जलापूर्ति के अंतर्गत उनके यहां नलों से स्वच्छ जल नहीं आ रहा है। इसके रंग को लेकर लोगों को शिकायत है।

नगर निगम द्वारा हसदेव नहर के पानी को फिल्टर करने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति की जाती है। जबकि एसईसीएल का पंप हाउस स्थानीय कॉलोनी में मौजूद है। संबंधित प्रक्रिया को अपनाने के बाद निकाय और उपक्रम के द्वारा विभिन्न कॉलोनी से लेकर बस्तियों में पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। अन्य मौसम में पानी की आपूर्ति को लेकर सब कुछ ठीक रहता है लेकिन बारिश के मौसम में इस बात की शिकायत है कि पानी की गुणवत्ता सही नहीं है और लोग इसे लेकर शिकायत कर रहे हैं। उनकी आपत्ति का आधार पानी का रंग है। लोगों को संशय है कि इस पानी का उपयोग सीधे तौर पर पीने में करें या नहीं। ऐसे लोगों को स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि वह पानी उबाल कर पी सकते हैं। मौसम संबंधी कारण से ऐसा करना उचित हो सकता है। इस संबंध में नगर निगम के ईई रामेश मसीह ने कहा कि बारिश में कई प्रकार के परिवर्तन जल स्त्रोतों में होते हैं। बारिश होने पर मिट्टी और अन्य जलीय तत्व बहकर व घुलकर लकर नदी नालों में आते हैं। इस वजह से पानी के रंग में स्वाभाविक रूप से परिवर्तन होता है जिसे टर्बिडिटी कहा जाता है। ऐसा होने पर पानी का रंग बदल जाता है और इसे मटमैला कहा जाता है। हम हर हाल में पानी को फिल्टर करने के बाद ही आपूर्ति कर रहे हैं इस बारे में कोई शंका नहीं होना चाहिए।

### कॉलोनियों में सप्लाई किया जा रहा गंदा पानी

कुसमुंडा के विकास नगर, नेहरू नगर, आदर्श नगर तीनों कॉलोनी में पानी नल से सप्लाई किया जाता है। जल से जो पानी सप्लाई किया जा रहा है व बहुत ही गंदा पानी है। एसईसीएल कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नलों में गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। इसकी वजह से बीमारी फैलने का खबरा बना हुआ है। एसईसीएल द्वारा वाटर प्लांट भी लगाया गया है, जिसमें सुबह और शाम को कॉलोनीवासी पीने के लिए पानी लेकर जाते हैं, उसमें भी गंदा पानी आ रहा है। इस संबंध में वार्डवासियों ने बताया कि नलों में गंदा पानी आने के कारण लोग काफी परेशान हैं। पीने के पानी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444


बंधवापारा की सड़क पानी में डूबी।


सरकंडा भक्त सिंह स्कूल के पास मुख्य की सड़के पानी से लबालब।


चौबे कॉलोनी घर के अंदर घुसा पानी।


पुराना बस स्टैण्ड निराला नगर में भरा पानी।

## खबर संक्षेप

### लोको पायलट से साथ की जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** दरवाजा खोलने के विवाद में लोको पायलेट के साथ जमकर मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अल्का एवेन्यू निवासी राकेश कुमार राठौर रेलवे विभाग में लोको पायलट हैं। 5 जुलाई को रात 10 बजे एक महिला अपने परिचित व्यक्तियों के साथ अपनी एक्टिवा वाहन से कालोनी की सड़क होते हुए जाने के लिए गेट खोलने के लिए सुरक्षागार्ड पर दबाव बना रही थी। श्री राठौर ने विरोध किया तो महिला के परिचित अजीत कुमार जोशी जो अल्का एवेन्यू कालोनी में किराए के मकान रहता है। गेट के पास आकर उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जमीन में पटक दिया। पुलिस ने श्री राठौर की रिपोर्ट पर हमलावर अजीत कुमार जोशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर रामनगर निवासी अंजू चौहान पति स्व. चित्रेश चौहान कपड़ा का व्यवसाय करती है। 2 जुलाई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर मायके बंधवापारा आ गई थी। 5 जुलाई को पड़ोसी धीरज शर्मा ने फोन कर बताया उनके घर में चोरी हो गई है। उन्होंने घर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी में रखा सोने का झुमका, चेन, लाकेट, दो अंगूठी, चांदी का सिम्का, नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठगी की रकम अपने खाते में जमा किया: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** ठगी की रकम 5 लाख 88 हजार रुपए अपने बैंक खाते में जमा कराने वाले खाताधारक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब खन्ना सम्राला निवासी निखिल नौटीवाल ने समन्वय पोर्टल पर 15 अगस्त 2024 को 3 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी की राशि तालापारा मिनीमाता नगर निवासी नितिश भारद्वाज 23 साल खाते में गई है। उसके खाते में अलग अलग जगहों से ठगी के 5 लाख 88 रुपए आई थी। उक्त रकम खाताधारक ने अलग अलग बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने और रुपयों को छिपाने के लिए साइबर ठग गिरोह को उपलब्ध कराया है। जांच के बाद पुलिस ने नितिश भारद्वाज के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हैंडपंप मरम्मत होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस

**कुसमी।** जनपद पंचायत सदस्य के प्रयास से ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ महकेपी का लंबे समय से खराब हैंडपंप को मैकेनिक बुलाकर मरम्मत कराया गया। सालो बाद हैंड पंप के मरम्मत होने से ग्राम पंचायत सतीपारा के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जनपद सदस्य नमीता बड़ा ने बताया कि कई वर्षों से यह हैंडपंप खराब की स्थिति में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

संजू त्रिपाठी हत्याकांड : तीन साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

# ईनामी शूटर वाराणसी में पकड़ा गया गिरफ्तार करने जाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संजू त्रिपाठी हत्याकांड में 3 साल से फरार ईनामी शूटर को वाराणसी पुलिस ने देशी कट्टा सहित पकड़ लिया है। सकरी पुलिस शूटर की गिरफ्तारी करने वाराणसी जाने की तैयारी कर रही है।

14 दिसंबर 2022 को कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की सकरी ओवरब्रिज के गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त में दो शूटर फरार थे। पूर्व में एसपी आफिस से दोनों फरार शूटरों पर ईनाम की घोषणा की थी। खबर है कि शुक्रवार की रात वाराणसी के बड़ागांव पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वाराणसी एसटीएफ गोल्ड यूनिट की टीम पहुंची। टीम को मुखबिर से सूचना ईनामी अपराधी इस रास्ते से गुजरने वाला है। इसी दौरान टीम ने पैदल आ रहे फरार ईनामी शूटर चित्रकूट मानिकपुर चमरोहा निवासी विनय कुमार द्ववेदी उर्फ बासू उर्फ गुरूजी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का देशी कट्टा, दो कारतूस, 200 रुपए मिले। उसके खिलाफ यूपी में एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पूछताछ में उसने संजू त्रिपाठी हत्याकांड में शामिल होना स्वीकार कर लिया है। वाराणसी पुलिस फरार शूटर के पकड़े जाने की सूचना बिलासपुर पुलिस को दी है। सकरी पुलिस ने आरोपी शूटर को गिरफ्तार करने वाराणसी जाने की तैयारी में है। वहीं हत्याकांड में इसका एक और साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।


पुलिस गिरफ्त में फरार आरोपी।

### पूर्व में पकड़े थे आरोपी

हत्याकांड के बाद मामले में खुलासा हुआ संजू त्रिपाठी के सगे भाई कपिल त्रिपाठी ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बाहर से शूटर बुलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में कपिल त्रिपाठी, पिता जयनारायण त्रिपाठी, उसकी पत्नी, मुंहबोली बहन, जीजा, शूटर दानिश अंसारी, पप्पू दाढ़ी, प्रसुन गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### गिरफ्तार करने जाएगी टीम

वाराणसी पुलिस ने संजू हत्याकांड में फरार शूटर को अपने मामले में पकड़ा है। उनके द्वारा कार्रवाई करने के बाद यहां से पुलिस टीम वाराणसी जाएगी। कोर्ट में उसे रिमांड में लेने की मांग की जाएगी। रिमांड नहीं मिलने पर प्रोडेक्शन रिमांड लेकर वहीं गिरफ्तार कर वहीं के जेल में दाखिल कर दिया जाएगा।

-प्रदीप आर्या, सकरी टीआई

## कूटरचना कर प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचा, 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज

कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज से प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचने वाले 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।
सरकण्डा थाना के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि खमतराई निवासी प्रकाश दुबे पिता स्व. भैयालाल दुबे जांजगीर जिले में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनकी पैतृक जमीन खसरा नम्बर 672, 56 डिस्मिल उनके पिता के नाम पर है। पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने रिकार्ड दुरूस्त कराकर जमीन अपने नाम पर नहीं कराया था। उन्हें पता चला कि उनकी पैतृक जमीन को अनुज मिश्रा को बेच दिया गया है। उन्होंने तहसील कार्यालय में शिकायत करते हुए रिकार्ड निकाला तो पता चला वर्ष 2022, 23 तक रिकार्ड में जमीन उनके पिता स्व. भैया लाल दुबे पर थी। उसके बाद राजस्व रिकार्ड में उक्त जमीन भैया लाल सूर्यवंशी के नाम पर चढ़ गई और फर्जी मृत भैया लाल सूर्यवंशी खड़े करवाकर 4 फरवरी 2025 को अनुज मिश्रा के नाम पर रजिस्ट्री कर दी गई है। जांच के बाद पुलिस ने प्रधान आरक्षक श्री दुबे की रिपोर्ट पर क्रेता भैयालाल सूर्यवंशी, विक्रेता अनुज कुमार मिश्रा, गवाह राहुल पटवा, अभिषेक दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 336, 338, 340, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

प्रधान आरक्षक श्री दुबे ने थाने में उनकी पैतृक जमीन को बेचने के लिए आरोपियों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले को गंभीरता से जांच कर दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## 4.50 लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिसिया कार्रवाई का भय दिखाकर एक व्यक्ति से 4.50 लाख रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस की सक्रियता से 2.50 लाख रुपए होल्ड करा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

■ पुलिसिया कार्रवाई का दिखाया भय

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, घुरू प्रथमेश विहार निवासी दिलीपा तिवारी पिता स्व. दाउराम तिवारी 57 साल के मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन कर बच्चों का अश्लील पोर्न वीडियो देखने का आरोप लगाते हुए पुलिसिया कार्रवाई कराने का भय दिखाया गया। कुछ देर बाद कहा गया कि पुलिस आ गई और पुलिस गाड़ी का हार्न बजाते हुए उन्हें सुनाया गया। पुलिसिया कार्रवाई से बचने का झांसा देर उनसे अलग अलग किश्तों में 4.50 लाख बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। उसके बाद फिर उनसे पैसे की मांग की जा रही थी। इस पर श्री तिवारी ने तत्काल सकरी थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस की सक्रियता से 2.50 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड करा लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ 66 डी, 318 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

# गिरफ्तारी के बाद भी डिमांस्ट्रेटर पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डेमोस्ट्रेटर डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के विरूद्ध हुए एफआईआर के बाद रायगढ़ पुलिस ने पिछले बुधवार को डॉ संजय बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है। डॉ बंजारे और उनकी पत्नी सिम्स मेडिकल कालेज में सेवा देते रहे हैं, लेकिन डेढ़ माह से गायब है, इसके बावजूद प्रबंधन ने दोनों डॉक्टर दंपती पर कार्रवाई नहीं की है।

■ ड्यूटी से नदारद है डॉक्टर दम्पती

निजी आवास को 4 लोगों को बेचने का वादा कर युवक से 15 लाख 50 हजार रूपए लेने के मामले में सिम्स के डेमोंस्ट्रेटर डॉ संजय बंजारे और पत्नी पल्लवी मिश्रा बंजारे पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, डॉ संजय बंजारे को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डॉ दंपती एफआईआर होने के बाद से ही सिम्स से नदारद हैं, इस दौरान दोनों ने प्रबंधन से छुट्टी भी नहीं ली है। खास बात यह है कि दोनों डाक्टर दंपती पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने और गिरफ्तारी के बाद भी सिम्स प्रबंधन ने कोई एक्शन नहीं लिया है, जबकि बताया जा रहा है कि प्रार्थी ने इस बारे में डीन और अन्य अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। सामान्यतः ऐसे मामले में क्लास 2 अधिकारियों पर कार्रवाई होते ही संस्थान प्रमुखों के द्वारा कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाते हैं, लेकिन इस मामले में प्रबंधन ने अबतक ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा प्रतिवेदन देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस ने सूचना नहीं दी है

व्यक्तिगत मामले में अपराध दर्ज होने पर पुलिस द्वारा प्रतिवेदन भेजा जाता है, जबकि इस मामले में अभी तक पुलिस ने कार्रवाई की सूचना नहीं दी है। संज्ञान लेने की बात नहीं है। सिम्स परिसर की बात होती तो डीन होने के नाते मुझे तत्काल कार्रवाई का अधिकार होता है, ऐसे में मामले में अधिकार नहीं है।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स

## दो सूने मकानों में चोरी, आरोपी गिरफ्तार, जब्ती एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो सूने मकानों से कीमती जेवर व सिलाई मशीन चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया है। पुलिस ने उसके पास से सिलाई मशीन व 1500 रुपए जब्त किया है। वहीं चोरी गए कीमती जेवर जब्त नहीं किए गए हैं। इससे कार्रवाई पर सवालिया निशान लग गया है।

■ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी में जुटीपुलिस

कोटा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया, 9 जून को एक सूने मकान से 70 हजार के सोने चांदी की जेवर, 10 हजार रुपए नकद व 5 जुलाई को एक अन्य मकान से सिलाई मशीन चोरी कर लिया गया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तखतपुर पेंड्री निवासी हीरा सिंह नेताम पिता मकुंद सिंह नेताम 48 साल को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से सिलाई मशीन व मात्र 1500 रुपए नकद रकम जब्त किया गया है। चोरी गए कीमती जेवर जब्त नहीं किए गए हैं।

### पूर्व में सरकण्डा में हुई थी चोरी

पूर्व में सरकण्डा क्षेत्र के एक मकान में चोरों ने धावा बोलकर करीब 12 लाख का जेवर चोरी कर लिया था। पुलिस ने चोरों को पकड़कर गिनती के जेवर जब्त की जब्ती की थी। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर चोरी गए कीमती जेवर की बरामदगी के लिए गुहार लगाई थी। अब तक पुलिस अन्य चोरी के जेवरों का बरामद नहीं कर पाई है।

### अज्ञात व्यक्ति ले गया जेवर

आरोपी चोरी करने के बाद भागते समय गनियारी के पास जाकर नशे में सो गया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति चोरी के जेवर की पोटली उठाकर भाग गया। वहीं नकम रकम को खर्चा कर देना बता रहा है।

-तोपसिंह नवरंग, कोटा टीआई

### दुर्ग-पटना स्पेशल ट्रेन चलेगी आज से

बिलासपुर। दुर्ग से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए एक और स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 जुलाई से करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08797 दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 7, 14, 21, 28 जुलाई को प्रति सोमवार और विपरीत दिशा में पटना से 08798 नम्बर के साथ पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल बनकर 8, 15, 22, 29 जुलाई को प्रति मंगलवार को चार फेरे के लिए चलाई जाएगी।

## कंडम पुलिस क्वार्टरों में रह रहे पुलिसकर्मी


पुलिस लाइन स्थित जर्जर पुलिस क्वार्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इदगाह चौक पुलिस लाइन में 156 नए पुलिस क्वार्टर बनने के बाद भी कमी बनी हुई है। 20 से 25 पुलिसकर्मी वर्षों पुराने कंडम हो चुके मकानों की छत में पालीथीन लगाकर जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रह रहे हैं। बारिश होने पर उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

पूर्व में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की पहल पर ईदगाह चौक स्थित पुलिस लाइन के सामने अपार्टमेंट की तर्ज पर 84 व उसके बाद पुलिस लाइन के अंदर 72 नए पुलिस क्वार्टर बनाकर पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराया गया था। पुलिस लाइन के अंदर बने पुराने मकानों को कंडम घोषित कर दिया गया है। उसके बाद भी करीब 20 से 25 पुलिसकर्मी जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। लगभग सभी मकानों का प्लास्टर गिर गया है और सरिया बाहर निकल गया है। बारिश के मौसम में उनकी परेशानी बढ़ जाती है। साफ सफाई नहीं होने से नाली का पानी घर के अंदर चला जाता है और जहरीले जीव जन्तु का डर सताते रहता है।

पोस्टआफिस के सामने 24 जर्जर मकान

मेन पोस्टआफिस के पास पुलिस विभाग के 24 पुलिस क्वार्टर हैं। सभी मकान जर्जर हो गए हैं, पुलिसकर्मी जुगाड़ बनाकर किसी तरह यहां रह रहे हैं। शहर के बीच जमीन होने के बाद भी विभाग उक्त कंडम मकानों को तोड़कर हाईटेक मकान बनाने की पहल नहीं कर रहा है।



## शराब के लिए पैसा नहीं दिया युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब के लिए पैसा नहीं देने से एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंगालीपारा निवासी योगेश साहू पिता पिता राजकुमार साहू 5 जुलाई को शाम 5 बजे चाय दुकान के सामने खड़े थे। इसी दौरान बंधवापारा निवासी रेहान खान, तुषार उर्फ पप्पू बाइक से आए और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। उसने मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो तुषार उर्फ पप्पू बाइक से उतरकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। वहीं रेहान खान ने हाथ के चूड़ा निकालकर सिर पर हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया।



■ आरोपी गिरफ्तार

सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता राजकुमार साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 119, 1, 3, 5, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी बंधवापारा निवासी रेहान खान उर्फ रेहान मोमिन पिता मो. मनसूर मोमिन 20 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी चाकू से हमला करने वाला तुषार उर्फ पप्पू पुलिस पकड़ से बाहर है।

### सर्वाधिक चाकूबाजी अशोक नगर में

अशोकनगर अटल आवास चाकूबाजी के चर्चित हो गया है। क्षेत्र में बेखौफ नशीले इंजेक्शन टेबलेट, गांजा, अवैध शराब की बिक्री होने से इलाका अपराधगढ़ बनता जा रहा है। यहां छोटी छोटी बात पर नशेड़ी लोगों पर चाकू से जान लेवा हमला कर रहे हैं। नशेड़ियों पर पुलिस का लगाम नहीं होने से क्षेत्र के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य विभाग को रखा गया अलर्ट मोड पर

अंबिकापुर। मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड़ में रखा गया है। इस आयोजन को लेकर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि मैनपाट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 7 से 9 जुलाई तक प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे।

## चेन पुलिंग करते आरपीएफ ने यात्री को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन परिचालन प्रभावित करने वाले यात्री को आरपीएफ ने पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। किसी भी इमरजेंसी और यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने ट्रेन में चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने की सुविधा दी है। इसका कई लोग गलत उपयोग करते हुए यात्रियों को परेशान करते हैं।

वहीं ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होता है। यात्रियों को एनाउंसमेंट के अलावा नुक्कड़ नाटक के जरिए समझाइश के बावजूद किसी तरह का असर नहीं पड़ रहा है। इसके लिए आरपीएफ लगातार अलार्म चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई भी कर रही है। इसी तरह कोरबा से बिलासपुर आकर इतवारी तक जाने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस में भी चेन पुलिंग कर ट्रेन परिचालन प्रभावित किया गया। पूछताछ में यात्री ने बताया कि वह गलत ट्रेन में सवार हो गया था। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान चार अवैध वेंडर, यात्रियों को परेशान करने वाले पांच किन्नर और अवैध पार्किंग करने वाले दो के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

### नो पार्किंग : गाड़ियों पर की गई कार्रवाई

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर आरपीएफ ने रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मुख्य रेलवे स्टेशन में डेवलपमेंट का काम करने की वजह से रेल प्रशासन ने गेट के सामने बनी हुई पार्किंग को 200 से 300 मीटर की दूरी पर स्थानांतरण कर दिया है, जिसके कारण लोग अपनी गाड़ियों को इधर-उधर रखना शुरु कर दिए हैं। इसके लिए आरपीएफ को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। आरपीएफ ने स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया में पेट्रोलिंग के दौरान अलग-अलग मामलों में रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके तहत स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने वाले 6 किन्नरों, अनाधिकृत रूप से सामान बेचने वाले तीन हॉकरों और नो पार्किंग में बाइक रखने वालों के खिलाफ 159 के तहत रेलवे एक्ट का मामला कायम किया गया है।

## अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मानसून की मूसलाधार बारिश से क्षेत्र में जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है जबकि दुर्घटनाओं का सिलसिला भी जारी है। रविवार की सुबह भी तेज रफ्तार वाहन गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि वाहनों को निकलने का काम जारी था। बताया जा रहा है कि आयशर कंपनी के मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके 4099 में चालक रामलखन अपने दो अन्य साथियों के साथ किराना सामान और धान लोड कर अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था।

इस दौरान क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों, गागर, गेउर नदी के पुल पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही चालक वाहन को लेकर गागर नदी के पुल पर गड्ढों में भरे पानी के कारण चालक ने वहां से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन सीधे पुल से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजपुर एसडीएम देवेन्द्र प्रधान, बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर व पुलिस टीम ने घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले तूफान पर है। राजपुर ओकरा मुख्य मार्ग पर गेउर नदी पुल के ऊपर लगभग 2 फीट ऊपर से पानी बह रहा था जिससे रविवार को सुबह 10 बजे तक आवागमन प्रभावित रहा।

## खबर संक्षेप



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कटघोरा में किया गया स्वागत

**कोरबा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के कोरबा प्रवास के दौरान कटघोरा में स्वागत किया गया। कटघोरा में स्वागत में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, लखु शर्मा विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद बांकी मोंगरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भागवत विश्वकर्मा, लक्की खूंटे, जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मी देवांगन, निराकार नाहक़ आईटीसेल भाजपा, मंगलू जनार्दन, रितेश अग्रवाल, चेतन कर्ष, कमल सिंह, दिलीप दास सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव




**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत घुड़देवा शासकीय हाईस्कूल में नव प्रवेश बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा के साथ अति विशिष्ट अतिथि भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, अतिथि पार्षद अश्वनी कुमार मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, शाला समिति के अध्यक्ष आशा राम केंवट, युवा मोर्चा नेता प्रकाश झा, अनुपम दास, पत्रकार विकास सोनी शामिल हुए। जहां मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के द्वारा नव प्रवेश बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा 10-12वीं, विद्यालय में टॉप करने वाले बच्चों को प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अतिथियों के द्वारा अपने-अपने उद्बोधन में पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही।

### कोरबी धतुरा में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए कटघोरा विधायक



**कोरबा।** विकासखंड पाली अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी (धतूरा) में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कमलेश कुर्रे सभापति एवं जनपद सदस्य कोरबी (पाली) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोरबी धतूरा के सरपंच विजय सिंह धनुहार ने की। कार्यक्रम का आयोजन संकुल कोरबी प्राचार्य बीरभद्र सिंह पैकरा एवं संकुल समन्वयक संतोष दास मानिकपुरी के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड इकाई प्रभारी दिनेश कुमार पात्रे, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राजू प्रसाद सारथी एवं संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से किया गया। मंच संचालन सुरेन्द्र कुमार राठौर ने किया। छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल एवं उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के लिए आम, आंवला, अमरूद ,कटहल आदि पौधों का वितरण किया गया।

## उपमुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने किया 8 करोड़ रुपये के विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# सरकार ने आमजनों से जो वादा किया उसे पूरा करने के लिए कटिबद्ध: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


विकास कार्यों का लोकार्पण करते उप मुख्यमंत्री श्री साव एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं बांकी नपा अध्यक्ष श्रीमती सोनी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के कार्यों को दुगनी गति से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, सरकार ने आमजनो से जो भी वादा किया है उसे पूरा करने हेतु कटिबद्ध है। राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए नई ओद्योगिक नीति का संचालन कर नौजवानों को रोजगार उपलब्ध करा उनके जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए युक्तियुक्तकरण का बड़ा फैसला लिया गया है।

उक्त बातें उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने रविवार को नगर पंचायत पाली एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। श्री साव ने कहा कि युक्तियुक्तकरण नीति का लाभ पाली तानाखार विधानसभा के पोड़ी उपरोड़ा के सुदूरवर्ती क्षेत्रो के स्कूलों को मिला है। शिक्षकविहीन व एकलशिक्षकीय विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला सहित पाली तानाखार क्षेत्र में विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। पाली तानाखार विधानसभा में सभी प्रकार के निर्माण व अन्य प्रशासनिक काम तेजी से हो रहा है। अनेक विकास कार्यों के लिए डीएमएफ से पर्याप्त राशि पाली तानाखार को मिल रहा है। आज पोड़ीउपरोड़ा के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु 8 उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि कोरबा की तस्वीर बदल रही है, अब विकास कार्यो से जिले को नई पहचान मिल रही है। जनता के पैसे का उपयोग जनता के हित में किया जा रहा है। पाली नगर पंचायत में पिछले डेढ़ साल में लगभग 8 करोड़ के विकास कार्यो की स्वीकृति दी गई है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर पंचायत पाली में लगभग 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के अंतर्गत 4 करोड़ 75 लाख 30 हजार के अनेक कार्यो का भूमिपूजन, 67 लाख 39 हजार के विकास कार्यो का लोकार्पण और नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 2 करोड़ 10 लाख 42 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य किया। इस अवसर पर वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली अजय जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पुल निर्माण की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने जताई

पाली नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 3 पत्ता गोदाम के पास स्थित पुल के पुराने होने के कारण बारिश के दिनों में पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन अवरुद्ध होने की शिकायत उपमुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों द्वारा करते हुए नवीन पुल निर्माण की मांग की गई। उपमुख्यमंत्री ने पाली के कार्यक्रम में ही मंच से आमजनों की मांग को गम्भीरता से लेते हुए वार्ड नंबर 3 मेन रोड के पास नए पुल निर्माण की स्वीकृति की घोषणा करते हुए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पुल निर्माण की बात कही। इस सम्बंध में वार्ड 3 के लोगों को जानकारी नहीं होने पर वे उपमुख्यमंत्री श्री साव से मिलने के लिए रास्ते में खड़े थे। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने लोगों को बताया कि प्रभारी मंत्री द्वारा पुल निर्माण के लिए कार्यक्रम में ही घोषणा की जा चुकी है तो सभी ने खुशी प्रकट करते हुए आभार जताया।

### अल्प समय में मोदी की गारंटी को किया पूरा: लखनलाल

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने मोदी के गारंटी के तहत की गई वादों को पूरा करने का कार्य किया एवं अल्प समय में अनेक वादों को पूरा कर दिखाया है। सरकार गठन के साथ ही 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। 2 साल के धान का बकाया बोनस 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल व 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर किसानों का मान बढ़ाया। महतारी वंदन योजना से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। 55 सौ रुपए मानक बोरा में तेंदूपत्ता की खरीदी संग्राहक परिवारों को राहत, सामाजिक सुरक्षा पेंशन देकर सुरक्षा का एहसास दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हित में लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर विकास की नई ऊंचाईयों में पहुंचाने का काम कर रही है।

### पाली में 2 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पालीवासियों को 2 करोड़ के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। जिसमें नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत 1 करोड़ की राशि से नगरीय क्षेत्र पाली में एक पुल निर्माण, सर्व कलार समाज के लिए सामुदायिक भवन व साहू समाज की भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25-25 लाख प्रदान करने की घोषणा की गई है एवं डीएमएफ अंतर्गत 1 करोड़ के विकास कार्यो के प्रस्ताव पर स्वीकृति देने की बात कही।

### बांकीमोंगरा नगरीय निकाय में 11 करोड़ के विकास कार्यों की दी मंजूरी

प्रभारी मंत्री श्री साव ने बांकीमोंगरा नगरीय क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा को जल आवर्धन योजना में शामिल करते हुए 8 करोड़ की राशि एवं बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में 3 करोड़ के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने इस के लिए क्षेत्र में विकास कार्य चिंहित कर प्रस्ताव भेजने की बात कही।

## नजरबंद किए गए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव नगर पंचायत पाली और नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में विभिन्न विकास व लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे। इस दौरान श्री साव कबीर प्राकट्य उत्सव में भी शामिल हुए और इसके पश्चात सरगुजा के लिए रवाना हो गए। डिप्टी सीएम के प्रवास के मद्देनजर बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के कांग्रेस पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों से लेकर युवा कांग्रेस के नेताओं को नजर बंद करके रखा गया था।

शासन द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 से 1 बजे नगर पंचायत पाली क्षेत्र में विकास व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण के पश्चात एनटीपीसी कावेरी गेस्ट हाउस में जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव का आगमन हुआ। दोपहर 2:50 से 3:50 बजे तक नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण उनके द्वारा किया गया। इसके बाद वे अगले कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किए। बांकीमोंगरा में उपमुख्यमंत्री के आने से पहले यहां के कांग्रेस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया।

पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, जिला युकां अध्यक्ष विकास सिंह, नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेज प्रताप सिंह, संदीप डहरिया, बंशी, ओमप्रकाश केवट, पार्षद प्रतिनिधि पवन गुप्ता, कुणाल आजाद युकां ब्लॉक अध्यक्ष, संजय आजाद जिला महामंत्री, इंद्रजीत सिंह को नजर बंद करके पूरे कार्यक्रम के दौरान रखा गया। इसके पीछे वजह बताई जा रही है कि विभिन्न मसलों और जरूरी कार्यों को लेकर डिप्टी सीएम से मिलना चाहते थे।

## डिप्टी सीएम के काफिले को रोका ग्रामीणों ने बताई समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भूमिपूजन और लोकार्पण करने जिले के प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के काफिले को रोक कर पाली वासियों ने अपनी समस्या बताई।

नगर पंचायत पाली क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने प्रभारी मंत्री पाली पहुंचे थे। मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह एनटीपीसी कावेरी विहार गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। इस बीच उनका काफिला पाली में ही नंदलाल होटल के सामने स्थानीय वासियों ने रोक दिया। लोगों ने इस बरसात में भी अपने घरों-दुकानों में पानी भरने की समस्या को लेकर आक्रोश जाहिर करते हुए चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति काफी लंबे समय की समस्या है लेकिन उसके बावजूद जनप्रतिनिधि और ना ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों को जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

## कोयला उद्योग में हड़ताल सफल करने बनी अंतिम रणनीति


संयुक्त कन्वेंशन में शामिल कोल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय संयुक्त श्रम संगठनों की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल आगामी 9 जुलाई को होगी। इसके लिए श्रमिक संगठनों ने कमर कस ली है। संयुक्त संगठनों द्वारा हड़ताल सफल करने के लिए अब तक दो कन्वेंशन हो चुके हैं। 2 जुलाई को हसदेव क्षेत्र के राजनगर, 3 जुलाई को चिरमिरी में कन्वेंशन का आयोजन किया गया। हड़ताल की रणनीति को अंतिम रुप देने के लिए संयुक्त श्रम संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यों के संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन एसईसीएल कोरबा एरिया के सीनियर रिक्रिएशन क्लब (एसआरसी) में किया गया।

कोरबा एरिया में आयोजित संयुक्त कन्वेंशन में कोयला श्रमिक संघ सीटू के पदाधिकारी वीएम मनोहर, एटक से अजय विश्वकर्मा, एसईकएमसी इंटक के गोपाल नारायण सिंह, एचएमएस के सुरेंद्र मिश्रा सहित एसईसीएल के केंद्रीय स्तर के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न क्षेत्र व इकाइयों के श्रमिक नेता शामिल हुए। संयुक्त कन्वेंशन में श्रमिक संगठनों के नेताओं ने केंद्र सरकार के उद्योग एवं श्रम नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। श्रम श्रमिक नेताओं ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को चार लेबर कोड बिल में बदलकर मजदूरों के साथ अन्याय किया जा रहा है। यह किसी भी हाल में न तो मजदूरों के हित में है और न ही औद्योगिक हित में है। इसके जरिए मजदूरों के मौलिक अधिकारों को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। केंद्र सरकार सारे अधिकार कंपनियों के मालिकों को देने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार के इस लेबर कोड क़ानून के माध्यम से मजदूर, कर्मचारी की परिभाषा बदलकर मजदूरों के काम के घंटे, उनकी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था, बोनस सुविधा आदि मूलभूत सुविधाओं में बदलाव कर उनका अधिकार छीनना चाहती है। यही कारण है कि श्रमिक संगठनों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### खास बातें

- चार लेबर कोड बिल के जरिए मजदूरों का हक छीनने के विरोध में श्रमिक संगठन
- सीनियर रिक्रिएशन क्लब में केंद्रीय संयुक्त श्रम संगठनों की कन्वेंशन आयोजित

### रायगढ़ क्षेत्र के भी पदाधिकारी हुए शामिल

कोयला श्रमिक संघ सीटू के पदाधिकारी वीएम मनोहर ने बताया कि एसईसीएल कोरबा एरिया के सीआरसी में संयुक्त ट्रेड यूनियनों का कन्वेंशन हुआ। इसमे एसईसीएल कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, सेंट्रल वर्कशॉप (कोरबा व गेवरा) के अलावा रायगढ़ क्षेत्र के पदाधिकारी और सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बीएमएस ने बनाई आंदोलन से दूरी

कोल जगत में 9 जुलाई को प्रस्तावित ट्रेड यूनियनों की हड़ताल में बीएमएस को छोड़कर केंद्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 10 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों की भागीदारी रहेगी। स्थानीय स्तर पर कोयला उद्योग में एचएमएस, इंटक, सीटू एवं एटक सहित अन्य संगठन आंदोलन में शामिल होंगे। बीएमएस फिलहाल आंदोलन में शामिल नहीं रहेगी।

## बरसात से बचने छात्रावास के बच्चों को किया छाते का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


छात्रों को छाता का वितरण करते लायंस पदाधिकारी।

नगर की समाज सेवी संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही हर सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि अक्सर बरसात के अवसर पर गरीब बच्चों को छाता की कमी के कारण स्कूल आने जाने में काफी असुविधा होती है। बिना छाता के स्कूल अगर चले जाए व भीगने पर बच्चे बीमार पड़ जाते है इन्हीं सभी वजह को देखते हुए नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निवासरत में से 60 छात्राओं को बारिश से बचाव करने हेतु छाता प्रदान किया गया। इस दौरान छाता के साथ ही सभी बच्चों को बिस्किट व मिठाई का भी वितरण किया गया। छाता का सहयोग नगर के व्यवसायी व पूजा फ्लेक्स कटघोरा के संचालक उमेश जायसवाल से प्राप्त हुआ। डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने कहा कि सेवा अपने आप में एक महान कार्य है नगर की सामाजिक संस्था है जो जरूरत के अनुसार छात्रों को उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर अधीक्षिका अंजू प्रभाकर, आराधना चौबे, वनमाला चन्द्राकर, कीर्ति देवांगन, जागृति सिंह, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, नरेंद्र अग्रवाल, चेयरपर्सन राजुदास दीवान, पर्यावरण चेयरपर्सन लव अग्रवाल सहित सभी सदस्य व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खरीफ की तैयारी में नहीं कोई रुकावट, समिति से समय पर मिली राहत

# सरकार की योजना बनी किसानों की ताकत, सुलभ दरों पर मिला खाद और बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बरसात की पहली फुहारों के साथ खेतों में हरियाली की आस भी लौट आई है। मिट्टी जीवनदायिनी बनी है और किसान अपने सपनों को साकार करने खेतों में जुट गए हैं। इस नए उमंग और उत्साह के पीछे सरकार की वे योजनाएं हैं, जो समय पर और जमीन पर क्रियान्वित हो रही हैं। छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के किसानों को अब खेती के लिए आवश्यक बीज और उर्वरक न्यूनतम मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आई है और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है।

इसी योजना का लाभ जिले के चोरभट्टी गांव के किसान छबिलाल ने उठाया। बरसात के ठीक बाद जब खेतों में बुवाई का समय आया, तब वे शासकीय सहकारी समिति, करतला पहुंचे। वहां से उन्होंने खरीफ फसल के लिए उन्नत धान बीज, यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक उर्वरक प्राप्त किए। छबिलाल ने कहा कि सहकारी समिति में बहुत अच्छा प्रबंध है। किसी प्रकार की भीड़ नहीं थी, स्टाफ ने सहयोगपूर्वक सभी सामग्री उपलब्ध कराई। पहले प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद-बीज लेना पड़ता था, अब सरकार की इस योजना से काफी राहत मिली है। छबिलाल जैसे किसान, जिनकी आय पूरी तरह कृषि पर निर्भर है, इस पहल से बेहद खुश हैं। सरकार ने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी सहकारी समितियों में बीज और उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण पहले ही सुनिश्चित कर लिया है। साथ ही वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सहकारी समिति, करतला के कर्मचारियों ने बताया हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान खाद और बीज की कमी के कारण खेती से वंचित न रहे। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और वितरण पर सतत निगरानी रखी जा रही है। सरकारी योजना का यह प्रभाव छोटे और सीमांत किसानों में विशेष रूप से देखने को मिल रहा है, जो अब सहकारी समितियों के माध्यम से उन्नत तकनीकों और समुचित पोषण के साथ फसल उत्पादन की ओर अग्रसर हैं। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप




### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** हिन्दी एक सहज, सरल तथा आसानी से समझ में आने वाली भाषा है। आज़ादी मिलने पर हिन्दी को राजभाषा बनने का गौरव मिला था। इसके प्रचार-प्रसार की दिशा में बहुत सारे प्रावधान, नियम, अधिनियम आदि बनाए गए हैं। इन प्रावधानों का अनुपालन हम सभी की ज़िम्मेदारी है। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हमें हिन्दी के प्रति ज़िम्मेदारी निभाते हुए इसे निरंतर आगे बढ़ाते रहना है। उक्त उद्गार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोरबा की 25वीं बैठक में समिति अध्यक्ष राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी कोरबा ने व्यक्त की। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कोरबा की की 25वीं बैठक एनटीपीसी के प्रशासनिक भवन स्थित परियोजना प्रमुख सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम, रिपोर्ट का प्रेषण, प्रयोग, प्रचार-प्रसार तथा कार्यान्वयन के विभिन्न मदों पर विस्तृत चर्चा के साथ ही न्यू इंडिया इन्शुरेंस तथा भारतीय डाकघर के राजभाषा प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक आरंभ होने से पूर्व एनटीपीसी के मानव संसाधन प्रमुख श्री शशि शेखर ने समिति अध्यक्ष सहित भारत सरकार के विभिन्न कार्यालयों से पधारे कार्यालय प्रमुखों और हिन्दी अधिकारियों प्रभारियों का स्वागत करते हुए राजभाषा हिन्दी की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस बैठक में विभिन्न सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख और राजभाषा पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की कार्यवाही का संचालन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य-सचिव पवन कुमार मिश्र, प्रबन्धक (राजभाषा) एनटीपीसी, कोरबा ने किया।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गोकुलनगर में भगवान जगन्नाथ की हुई वापसी



**कोरबा।** गोकुलनगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी खरमोरा में भगवान जगन्नाथ की भव्य वापसी यात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के माहौल में संपन्न हुई। 10 दिवसीय प्रवास के पश्चात भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा रथ में सवार होकर अपने मुख्य धाम लौटे। ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया के अवसर पर निकाली गई वापसी रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जो सुबह से ही भजन-कीर्तन, पूजा और स्वागत-सत्कार में जुटे रहे। बाजे-गाजे व भजन-कीर्तन के साथ निकली वापसी यात्रा में स्थानीय समाजजन, महिलाएं और युवा बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

### बालकोनगर में भगवान जगन्नाथ बहुड़ा यात्रा उत्सव में उमड़े भक्तजन



**कोरबा।** उत्कल भारती सेवा समिति बालको द्वारा भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा धूमधाम से आयोजित की गई। बालको के मुख्य प्रचालन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी सहित अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और नगरवासियों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। 5 जुलाई को तीनों भाई-बहन महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा बहुड़ा यात्रा के दौराम गुंडिचा मंदिर (रामलीला मैदान) से अपने घर (राम मन्दिर) वापस आए। श्री आशुतोष द्विवेदी की अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य अर्जित किया। रथ के आगे चल रहे कर्मा नर्तकों के दल ने तालबद्ध नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बहुड़ा यात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होते हुई राममंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की स्थापना कर उनकी आराधना की। 27 जून से 5 जुलाई पूरे 9 दिनों तक मौसी के घर रहकर महाप्रभु जगन्नाथ घर वापस आए। बालकोनगर में 44 वर्षों से रथ यात्रा उत्सव आयोजित किए जाने की परंपरा है।

### देवशयनी पद्मा एकादशी पर युवकों ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** कुसमुंडा में युवकों ने देवशयनी पद्मा एकादशी पर पौधों का रोपण किया। ऐसे पौधों में कई प्रजातियों को शामिल किया गया। इनमें से ज्यादातर पर्यावरण के लिए अनुकूल है और इनमें से कई का औषधिय व आध्यात्मिक महत्व है। अमरिक सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और पौधों का रोपण करने के लिए बारिश सबसे बेहतर मौसम है। इसके माध्यम से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी जरूरत के अलावा सामाजिक सरोकार भी जरूरी है। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए हर व्यक्ति अपने जीवन काल में पौधे भी जरूर लगाए। बताया गया कि हम प्रशासन की ओर से सभी तरफ लोगों को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं इसलिए हर किसी की जिम्मेदारी बनती है कि वह पर्यावरण से संबंधित विषय को पूरी गंभीरता से ले और अपने आसपास के क्षेत्र में पौधों का रोपण भी करें।

### बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के समीप दो दिन पूर्व युवक की मिली थी लाश

# दूसरे पति से छुटकारा पाने 1 लाख रुपए में दी थी सुपारी, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व बिजली ऑफिस के समय एक 40 वर्षीय युवक की लाश मिली थी। इस युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि युवक की दूसरी पत्नी ने ही सारी साजिश रची थी और उसके पति को मारने के लिए उसने बकायदा 1 लाख रुपए में सुपारी दी थी। पुलिस ने हत्या के मामले में उसकी दूसरी पत्नी सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जहां आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- महिला के पहले पति सहित 4 लोगों ने वारदात को दिया था अंजाम

उल्लेखनीय है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली ऑफिस के समीप दो दिनों पूर्व अश्वनी पाठक उर्फ पिंटू 40 वर्ष नामक युवक की खून से लथपथ अवस्था में लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दर्री सीएसपी विमल पाठक, बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में पुलिस की टीम तहकीकात में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस की टीम विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने रविवार को इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतक अश्वनी पाठक की दूसरी पत्नी अंजू पाठक 30 वर्ष पति स्वर्गीय अश्वनी पाठक ने ही यह सारी साजिश रची थी। बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंजू पाठक ने 1 लाख रुपए में अपने दूसरे पति अश्वनी पाठक को मारने के लिए सुपारी दी थी और योजना के मुताबिक जमनीपाली निवासी एकलव्य यादव उर्फ सीटू 20 वर्ष पिता अमर नारायण यादव, अजय चौहान 32 वर्ष पिता इतवार चौहान, अंजू पाठक 30 वर्ष पति स्वर्गीय अश्वनी पाठक व अंजू पाठक के पहले पति सरगबुंदिया बरपाली निवासी रंजीत मेहरा 50 वर्ष पिता नाथ सिंह मेहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दर्री सीएसपी विमल पाठक, बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा, एएसआई नंदलाल टंडन, एसआई पृथ्वीराज मोहंती, प्रधान आरक्षक गुनाराम सिन्हा, राजो उरांव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की प्रमुख भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में चारों आरोपी।

**इसलिए कराई थी हत्या**

बांकीमोगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंजू पाठक की पहली शादी सरगबुंदिया बरपाली निवासी रंजीत मेहरा से हुई थी। अंजू पाठक ने अपने पहले पति रंजीत मेहरा से अलग हो गई थी और पिछले 10 वर्षों से अश्विनी पाठक के साथ ही दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में निवास करती थी लेकिन अश्वनी पाठक अक्सर अपनी दूसरी पत्नी को परेशान किया करता था और उसके साथ मारपीट भी किया करता था और अंजू पाठक उससे परेशान होकर अपने पहले पति रंजीत मेहरा के पास जाना चाहती थी जिसके चलते अंजू पाठक ने अश्वनी पाठक को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची और बाकायदा 1 लाख रुपए में एकलव्य यादव को सुपारी दी थी।

**हत्या के पहले जमकर पिलाया था शराब**

बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंजू पाठक ने 1 लाख रुपए में जमनीपाली निवासी एकलव्य यादव को सुपारी दी थी। योजना के मुताबिक एकलव्य यादव और उसने अपने एक अन्य साथी जमनीपाली निवासी अजय चौहान पिता इतवार सिंह के साथ मिलकर घटना दिनांक को पहले अपने पूर्व परिचित अश्वनी पाठक के पास पहुंचे जहां पहले उसके घर में जमकर शराब पिलाया गया। जिसके बाद उसे अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर बांकीमोंगरा लेकर पहुंचे और सूनेपन का फायदा उठाते हुए योजना के मुताबिक एकलव्य यादव ने पहले मौका पाते ही अश्वनी पाठक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसके बाद अजय चौहान ने भी उसके ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई और मौत होते ही हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी मौके से भाग निकले।

## अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई है। सभी मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पहली घटना कटघोरा थाना अंतर्गत शनिवार की देर रात कटघोरा-अंबिकापुर हाईवे पर तानाखार के पास हुई। पुलिस के मुताबिक कटघोरा से बांगो की ओर जा रही पिकअप जा रही थी। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक तेज रफ्तार बाइक रॉग साइड में जाकर पिकअप से टकरा गई। घटना में बाइक समेत तीनों युवक फेंका गए। जिसमें से दो युवक की मौत हो गई है। बताया जाता है कि एक की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि ढेलवाडीह निवासी राजा यादव 26 वर्ष को गंभीरावस्था में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान राजा यादव की मौत हो गई है। दूसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र के कल्मीडुग्गू के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रुमगरा निवासी पुष्पेंद्र कुमार उर्फ दीपक श्रीवास्तव व उसके दो अन्य दोस्त केशव दास महंत व आयुष्मान यादव मोटर सायकल में सवार होकर घूमने के लिए गए हुए थे जहां से वापस लौटते समय उनकी तेज रफ्तार बाइक कल्मीडुग्गू के समीप डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे पुष्पेंद कुमार की इलाज के दौरान मेडिकल हॉस्पीटल में मौत हो गई थी जबकि केशव दास महंत व आयुष्मान यादव का उपचार जारी है।

## दो आरोपियों को मिली 5-5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्ष 2022 में टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास घूम-घूमकर नशा में प्रयोग होने वाले इंजेक्शन बेच रहे 2 लोगों को गिरफ्तार किया था।

सीएसईबी चौकी में पदस्थ तत्कालीन चौकी प्रभारी नवल साव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास 2 लोग इंजेक्शन बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने बैगीनडभार निवासी पंकज शर्मा पिता नवल शर्मा 38 साल निवासी बैगीनडभार व सुमित बेहरा पिता प्रशांत बेहरा 23 साल को गिरफ्तार कर 22बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारम्भिक विवेचना उपरांत प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) श्रीमती गरिमा शर्मा के न्यायालय में चल रही थी जहां दोनों आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने की दशा में आरोपी को 6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# कुसमुंडा एसईसीएल डीएवी स्कूल में स्कूल की छतों से टपक रहा पानी, गिर रहा छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदर्श नगर कुसमुंडा कॉलोनी परिसर के डीएवी पब्लिक स्कूल का संचालन एसईसीएल कुसमुंडा की देखरेख में किया जाता है।पहली बारिश में स्कूल की छत से पानी टपक रहा है। दीवार पर भी छत का पानी सीपेज होने लगा है। कई जगह से छत का प्लास्टर भी उखड़ चुका है। वह स्कूल के कमरों में पानी भरा हुआ है जिस जगह पर पानी टपक रहा है, वहां प्लास्टिक की बाल्टी रखी हुई है अधिक जल भरा होने के कारण पानी अधिक भर जाता है जिससे छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक शिक्षकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नीचे टाइल्स लगी होने के कारण कई बार कई बच्चे फिसल कर हादसे का शिकार हो चुके हैं और आगे भी किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

एसईसीएल प्रबंधन के मरम्मत कराने ध्यान नहीं देने पर छात्रों को अध्ययन कार्य में असुविधा हो रही है। पानी के सीपेज से दीवार के साथ छज्जा भी कमजोर होने पर भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। डीएवी स्कूल कुसमुंडा का भवन जर्जर हो चुका है। जिसके मरम्मत को लेकर एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। कुसमुंडा खदान के उत्पादन में भागीदारी निभा रहे कोयला कर्मियों के बच्चों का भी स्कूल में दाखिला है। प्रबंधन की देखरेख में ही स्कूल का संचालन किया जाता है। बारिश का पानी छत से टपकने पर फर्श पर बाल्टियां रखनी पड़ रही है। ताकि पानी से फर्श गीली न हो। बताया कि आधे घंटे से ज्यादा बारिश होने पर कक्षा 6 वीं में अध्ययनरत छात्रों की परेशानी बढ़ जाती है।

सबसे अधिक पानी टपकने की समस्या इसी कमरे में है। फर्श गीली होने पर फिसलने का डर भी रहता है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों ने कहा कि स्कूल का शौचालय भवन भी बदहाल अवस्था में है। सुखद पहलू रहा है कि स्कूल भवन के छज्जे का हिस्सा या छत का प्लास्टर गिरने पर कोई छात्र अब तक चपेट में नहीं आया। कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है जिसकी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी।



स्कूल की छत से टपकता पानी।



पानी को एकत्र करने के लिए रखी गई बाल्टी।

# कटघोरा में भारी वाहनों पर पुलिस की सख्ती शहर में नो एंट्री के बावजूद जारी है प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शहर के यातायात दबाव और लगातार बने हुए दुर्घटना के खतरे को देखते हुए कटघोरा पुलिस ने भारी और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के मार्गदर्शन में एएसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह और राम पांडेय ने अपनी टीम के साथ शाम 6 बजे शहीद वीर नारायण चौक पर मोर्चा संभाला।

पुलिस टीम ने शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहनों को रोककर कड़ी चेतावनी दी और उन्हें समझाइस दी गई कि वे शहर के भीतर से न गुजरें, बल्कि सुतर्रा, ढेलवाडीह होते हुए रामपुर तक बने बायपास मार्ग का उपयोग करें। पुलिस ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में भारी वाहनों को रोका गया, कुछ पर जुर्माना लगाया गया और बाकियों को सख्त समझाइस देकर छोड़ा गया। कटघोरा शहर कोरबा और अंबिकापुर के बीच एक प्रमुख मार्ग बिंदु है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही आम बात है। हालाँकि, शहर में 'नो एंट्री' का नियम लागू है, फिर भी कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए बेखौफ होकर शहर के भीतर से गुजरते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि यातायात दबाव के पीछे एक बड़ा कारण सड़क तक दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी है। उन्होंने नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग और अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराते हुए समुचित कार्यवाही की मांग की है।



### जायसवाल समाज की बैठक संपन्न

**कटघोरा।** शनिवार को ओपी डिक्सेना के निवास में जायसवाल (कलार) समाज की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज के किसी भी परिवार में किसी भी प्रकार का कार्य होता है उसमें समय निकालकर अपनी उपस्थिति दें। बैठक में अगस्त माह में सावन महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर श्रीमती ललिता डिक्सेना पूर्व नगर पालिका प्रेसीडेंट, पवन जायसवाल, देवेंद्र डिक्सेना, अनिल जायसवाल, ओम प्रकाश डिक्सेना, शिवशंकर जायसवाल, ताराबाई, श्रीमती पुष्पा डिक्सेना, श्रीमती संगीता जायसवाल, नगर इकाई अध्यक्ष श्रीमती रंजू डिक्सेना, श्रीमती मुक्ता जायसवाल, किरण जायसवाल, भारती जायसवाल, बाली जायसवाल, अर्चना डिक्सेना, रामशंकर जायसवाल, रश्मि डिक्सेना, मीना जायसवाल, लीना जायसवाल, संजू डिक्सेना, जयंत जायसवाल, नीलिमा डिक्सेना, वंशिका डिक्सेना की उपस्थिति रही।



### जमनीपाली में विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**कोरबा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जमनीपाली संकुल केंद्र सोहागपुर में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव एवं विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती जगदीश बाई चौहान एवं ग्राम पंचायत जमनीपाली की सरपंच श्रीमती चंद्रिका बाई कंवर रहीं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### बांकी मोंगरा में कबीर प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए प्रभारी व उद्योग मंत्री

# कबीर की वाणी को आज घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार साव और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन रविवार को बांकीमोंगरा में आयोजित कबीर प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कबीर ने सत्य का मार्ग दिखाया है। उनकी वाणी दुनिया में आज भी प्रासंगिक है। उनके अनुयायी देश ही नहीं दुनिया भर में है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि आज कबीर की वाणी को उनके संदेश को घर-घर में पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के लोगों द्वारा बताए समस्या का निराकरण की बात कही। श्री साव ने कबीर आश्रम बांकी मोंगरा में आश्रम भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की। संत कबीर प्राकट्य दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि संत कबीर सर्वव्यापक हैं। उन्हें दुनिया के लोग मानते हैं। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते में चलना चाहिए। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, पूर्व मंत्री ननकीराम कँवर, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय और समाज के अमरूदास महंत, विष्णुदास महंत सहित अन्य उपस्थित थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री श्री साव एवं अन्य अतिथि।

online Booking:-www.tripuryatra.com


राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411